
GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

**PUNJAB KESARI**

# नवाचार और पेटेंट पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फरीदाबाद, 4 नवम्बर (ब्यूरो) : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नवाचार और पेटेंट को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। टीईक्यूआईपी-3 द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का आयोजन आरईसी अंबेडकर नगर (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था, जिसमें देश भर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिविल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया तथा नवाचारों एवं पेटेंट की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया। शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों से चार आमंत्रित वक्ताओं ने वेबिनार को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय भवन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल रहे। मित्तल ने निर्माण क्षेत्र में नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमेंट और ईंट जैसी मानव निर्मित सामग्री बहुत अधिक कार्बन उत्सर्जन पैदा कर रही है और पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। निर्माण क्षेत्र में नए वैकल्पिक पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री की आवश्यकता है। उन्होंने निर्माण क्षेत्र में लाईएश के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट से डॉ. विंकेल अरोड़ा ने पेटेंट दाखिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।



*नवाचार और पेटेंट पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए।*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu,05 November 2020
Edition: faridabad kesari, Pag

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

## PUNJAB KESARI

# ब्रेस्ट कैंसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फरीदाबाद, 4 नवम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के महिला प्रकोष्ठ द्वारा ब्रेस्ट कैंसर और थायराइड पर एक जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन अस्पताल, दिल्ली के एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जन डॉ. विवेक अग्रवाल विशेषज्ञ वक्ता रहे। सत्र का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। इससे पहले महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. नीतू गुप्ता ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया और महिला प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. विवेक अग्रवाल ने स्तन कैंसर के कारणों, लक्षणों और निवारक उपायों के बारे में बताया।

पंजाब केसरी ई-पेपर

Thu,05 November 2020

Edition: faridabad kesari, Pa

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

**THE PIONEER**

## ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा ब्रेस्ट कैंसर और थायराइड पर एक जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन अस्पताल, दिल्ली के एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जन डॉ. विवेक अग्रवाल विशेषज्ञ वक्ता रहे। सत्र का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। इससे पहले महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. नीतू गुप्ता ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया और महिला प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. विवेक अग्रवाल ने स्तन कैंसर के कारणों, लक्षणों और निवारक उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रारंभिक पहचान बीमारी से बचा सकती है, और मरीज का जल्द उपचार बेहतर परिणाम ला सकता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब भी दिये तथा ब्रेस्ट कैंसर के बारे में अज्ञानता और मिथकों को दूर किया। सत्र का समापन पर डॉ. सपना गंभीर के धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूक किया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के महिला प्रकोष्ठ की तरफ से ब्रेस्ट कैंसर व थायराइड पर एक जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन अस्पताल दिल्ली के एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जन डॉ. विवेक अग्रवाल विशेषज्ञ वक्ता रहे। सत्र का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. नीतू गुप्ता ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया। साथ ही महिला प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कामों व गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. विवेक अग्रवाल ने स्तन कैंसर के कारण, लक्षणों और बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रारंभिक पहचान ही बीमारी से बचा सकती है और मरीज का जल्द उपचार बेहतर परिणाम ला सकता है।

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# सीमेंट व ईंट से हो रहा है अधिक कार्बन उत्सर्जन

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से इनोवेशन व पेटेंट को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तहत प्रायोजित इसका आयोजन आरईसी आंबेडकर नगर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था, जिसमें देश भर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिविल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रफेसर एमएल अग्रवाल अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया और इनोवेशन व पेटेंट की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया। शैक्षणिक संस्थानों व उद्योगों से 4 आमंत्रित वक्ताओं ने वेबिनार को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय भवन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल रहे। उन्होंने निर्माण क्षेत्र में इनोवेशन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमेंट व ईंट जैसी मानव निर्मित सामग्री बहुत अधिक कार्बन उत्सर्जन पैदा कर रही है और पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. रजनी ने किया। इस मौके पर डॉ. मुनीश वशिष्ठ, डॉ. विशाल पुरी, योगेश मोर्या, डॉ. कृष्ण कुमार मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

**DAINIK JAGRAN**

# निर्माण क्षेत्र में नवाचार की जरूरत पर बल

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और आरईसी अंबडेकर नगर उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में नवाचार और पेटेंट विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें देशभर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिविल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया तथा नवाचारों एवं पेटेंट की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय भवन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल रहे। उन्होंने निर्माण क्षेत्र में नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमेंट और ईंट जैसी मानव निर्मित सामग्री बहुत अधिक कार्बन उत्सर्जन पैदा कर रही है और पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। सबसे ज्यादा इन्हीं से प्रदूषण होता है। निर्माण क्षेत्र में नए वैकल्पिक पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री की आवश्यकता है। उन्होंने निर्माण क्षेत्र में फ्लाईएश के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फूड टेक्नोलाजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट से डा. विंकेल अरोड़ा ने पेटेंट दाखिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। अर्पणा जैन और हरिंदर नरवन ने पेटेंट दाखिल करने की प्रक्रियाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का समन्वयन डा.रजनी सग्गू ने किया। डा.मुनीश वशिष्ठ, डा. विशाल पुरी, योगेश मोर्या और डा. कृष्ण कुमार कार्यक्रम में शामिल रहे।

**NEWS CLIPPING: 05.11.2020**

**DAINIK JAGRAN**

# प्रतिभागियों को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक किया

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ ने स्तन कैंसर और थायराइड पर जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में महाराजा अग्रसेन अस्पताल के एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जन डा.विवेक अग्रवाल विशेषज्ञ वक्ता रहे। सत्र का उद्घाटन कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने किया और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रम के निरंतर आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। इससे पहले महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डा.नीतू गुप्ता ने डा.विवेक अग्रवाल का स्वागत किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डा.विवेक अग्रवाल ने स्तन कैंसर के कारणों, लक्षणों और निवारक उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक पहचान बीमारी से बचा सकती है। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे सवालों के जवाब भी दिए तथा ब्रेस्ट कैंसर के बारे में अज्ञानता और मिथक को दूर किया। सत्र के समापन पर डा. सपना ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।